निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तराखंड के मोहन कांडपाल को राष्ट्रीय जल सम्मान से किया सम्मानित

• बोकारो, गुरुवार 20 नवम्बर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 183 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

## जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय का तीसरा दीक्षांत समारोह आयोजित

# राज्य में जल्द दूर होगी शिक्षकों की कमी : संतोष कुमार गंगवार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अथिति झारखंड के राज्यपाल सह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। जमशेदपुर के बिस्टुपुर स्थित एक्सएलआरआइ ऑडोटोरियम में जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया था। मौके पर जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की प्रभारी कुलपति प्रो. डॉ. अंजिला गुप्ता, कुलसचिव डॉ. सलोमी कुजूर, विश्वविधायलय के तमाम प्रोफ़ेसर एवं छात्राएं मौजूद रहीं। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की स्मारिका का भी अनावरण किया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी की कुल 1068 छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की गईं। समारोह में 25 छात्राओं को स्वर्ण पदक और 17 रैंक होल्डर्स को विशेष सम्मान दिया गया। दीक्षांत समारोह मे छात्राएं निर्धारित ड्रेस कोड में पहुंचीं थी। इस वर्ष 'डॉक्टर रेखा झा मेडल फॉर एक्सीलेंस इन इकोनॉमिक्स' स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग की टॉपर छात्रा श्रद्धा सिन्हा को दिया गया। उन्हें प्रमाण पत्र और एक लाख रुपये की राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि आज लड़कियां सभी क्षेत्र में परचम लहरा रही हैं, यह बेहद गर्व की बात है। झारखंड के सभी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की कमी जल्द दूर की जाएगी। साथ ही सत्र नियमित और समय पर पूरा हो इसे लेकर मॉनिटरिंग की जाएगी।



## संक्षिप्त समाचार

### योगगुरु बाबा रामदेव ने बाबा मंदिर में की पूजा-अर्चना

**देवघर(नबिटा ब्यूरो)।** योगगुरु बाबा रामदेव बुधवार को देवघर पहुंचे। उन्होंने यहां विश्वप्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में विधिवत पूजा-अर्चना की। उनके आगमन को देखते हुए मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

### फार्मासिस्ट की सड़क हादसे में मौत

**गढ़वा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कांडी थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में 29 वर्षीय फार्मासिस्ट विकास कुमार रवि की मौत हो गई। विकास, रपुरा हरिहरपुर निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक लालमन राम के पुत्र थे और गढ़वा की आर. गुप्ता दवा दुकान में कार्यरत थे। यह घटना मंगलवार देर रात को तब हुई जब विकास अपनी बाइक से गढ़वा के पतसा में एक तिलक समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।

### कुएं से महिला का शव बरामद

**सरायकेला (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कांड्रा थाना क्षेत्र के पदमपुर गांव में बुधवार तड़के एक महिला का शव कुएं में मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। सुबह ग्रामीणों ने जब कुएं में एक महिला का शव तैरता हुआ देखा। इसके बाद तुरंत इसकी सूचना आसपास के लोगों को दी। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी झामुमो नेता कृष्णा बास्के को दी। मौके पर गांव के कई लोग पहुंचे। इसके बाद महिला के शव को कुएं से बाहर निकाला गया। मृतका की पहचान चांडिल के रुचाप गांव की रहने वाली रूपा देवी के रूप में हुई है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**कोडरमा (नबिटा ब्यूरो)।** रांची-पटना एनएच-20 पर कोलटेक्स के समीप बीती रात हुए सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान छोटकीबागी निवासी विक्की भुइयां के रूप में की गई है। परिजनों के मुताबिक विक्की दूधीमाटी चौक से अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था तभी यह हादसा हुआ। परिजनों के अनुसार विक्की रात में मोटरसाइकिल से घर की ओर लौट रहा था। जब वह डॉ. उर्मिला चौधरी क्लीनिक के पास स्थित कोलटेक्स के समीप पहुंचा तभी अचानक एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।

### कुएं में डूबने से युवती की मौत

**गुमला (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बिशुनपुर प्रखंड स्थित गुरदरी थाना क्षेत्र के अंकुरि हर्रा टोली में 19 वर्षीय युवती की कुएं में डूबने से मौत हो गई। मृतका की पहचान लखन लकड़ा की पुत्री फुलमनी लकड़ा के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार फुलमनी घर से कुछ दूरी पर स्थित कुएं में पानी भरने गई थी। इसी दौरान मिर्गी का दौरा पड़ने से वह कुएं में गिर गई और डूबने से उसकी मौत हो गई।

# झारखंड विधानसभा में 8 दिसंबर को पेश होगा अनुपूरक बजट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** संविधान के अनुच्छेद 174 के तहत राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंत्रिपरिषद की सलाह पर झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र को आहूत कर दिया है। सत्र की शुरुआत 5 दिसंबर को होगी। यह सत्र 11 दिसंबर तक चलेगा। राज्यपाल से मंजूरी मिलने के बाद विधानसभा सचिवालय ने औपबंधिक कार्यक्रम जारी कर दिया है। आहूत सत्र के मद्देनजर आज यानी 19 नवंबर से सभी सदस्य अपने प्रश्न विधानसभा में डाल सकेंगे। पांच कार्यदिवस वाले इस सत्र में चार दिन प्रश्नकाल होंगे जबकि 8 दिसंबर को द्वितीय अनुपूरक बजट पेश होगा। सत्र के पहले दिन यानी 5 दिसंबर को शोक प्रकाश होगा। साथ ही घाटशिला के नवनिर्वाचित विधायक सोमेश चंद्र सोरेन को शपथ दिलायी जा सकती है। उन्होंने अपने पिता रामदास सोरेन के असामयिक निधन से खाली हुए घाटशिला उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को हराया था। इसके बाद सत्रावधि में प्रख्यापित अध्यादेश की प्रमाणीकृत प्रतियां सभा पटल पर रखी जाएंगी। वहीं 6 और 7 दिसंबर को शनिवार और रविवार की वजह से अवकाश रहेगा। 8 दिसंबर को नियमित कामकाज के तहत प्रश्नकाल के बाद वित्तीय वर्ष 2025-26 का द्वितीय अनुपूरक बजट सदन में पेश होगा। 9 दिसंबर को प्रश्नकाल और शून्यकाल के बाद अनुपूरक बजट पर सामान्य वाद-विवाद, मतदान और विनियोग विधेयक का उपस्थापन कर पारित करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। 10 और 11 दिसंबर को प्रश्नकाल के बाद राजकीय विधेयक के साथ-साथ अन्य सरकारी कामकाज निपटाए जाएंगे। सत्र के अंतिम दिन यानी 11 दिसंबर को प्रश्नकाल के बाद गैर सरकारी संकल्प का निपटारा होगा।

# झारखंड में 1 दिसंबर से शुरू होगी धान की खरीद, 60 लाख क्विंटल का लक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में इस साल एक दिसंबर से ही राज्य में धान की खरीद शुरू होने की संभावना है। विभाग का मानना है कि समय पर इसकी शुरुआत होने से बिचौलियों से किसानों को बचाया जा सकता है और सरकार के पास पर्याप्त मात्रा में धान उपलब्ध हो सकेगा। हालांकि इस संदर्भ में राज्य सरकार के द्वारा बोनस राशि और तिथि का निर्धारण होना बाकी है। झारखंड स्टेट फूड कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक सत्येंद्र कुमार कहते हैं कि पिछले साल की तरह इस बार भी 60 लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य रखा गया है, जिसे लेकर जिला स्तर पर लैम्प्स-पैक्स में तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य के अतिरिक्त 100 रुपये प्रति क्विंटल बोनस मिले थे यानी जो आम धान का एमएसपी 2,369 रुपये है, उस पर 100 रुपये जोड़कर किसान को 2,469 रुपये और ग्रेड-इ धान पर 2,489 रुपये तक मिले थे। इस साल सरकार का निर्णय आना बाकी है। राज्य में इस साल भी किसानों से धान खरीद के लिए सरकार बैंकों से लोन लेगी। इसकी प्रक्रिया शुरू की जा रही है। झारखंड स्टेट फूड कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक सत्येंद्र कुमार के अनुसार, पिछले साल की ही तरह इस बार भी करीब 1000 करोड़ का ऋण लिया जायेगा। जेएसएफसी के पास पहले से कुछ पैसे हैं जिससे इसकी शुरुआत की जायेगी। मगर इन सबके बीच बैंक से करीब 1,000 करोड़ का ऋण लिया जायेगा क्योंकि इस बार तीन दिनों के अंदर किसानों के धान का पैसा उनके खाते में भेज देना है। गौरतलब है कि पिछले साल सरकार ने बैंक ऑफ इंडिया से ऋण लिया था जिसका भुगतान किया जा चुका है।

# भाजपा विधायक राज सिन्हा को मिलेगा उत्कृष्ट विधायक का पुरस्कार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** धनबाद के भाजपा विधायक राज सिन्हा उत्कृष्ट विधायक पुरस्कार से नवाजे जाएंगे। विधानसभा के रजत जयंती समारोह में उन्हें सम्मानित किया जाएगा। बुधवार को स्पीकर रबींद्रनाथ महतो के आवासीय कार्यालय में उत्कृष्ट विधायक चयन समिति की हुई बैठक में इस पर मुहर लगी। स्पीकर रबींद्रनाथ महतो की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, भाजपा के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल आदि मौजूद रहे। बैठक के बाद मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो ने कहा कि विधानसभा स्थापना दिवस इस बार खास है। रजत जयंती समारोह के अवसर पर चयनित सभी लोगों को सम्मानित किया जाएगा। इस साल स्थापना दिवस पर सम्मानित होने वालों में उत्कृष्ट विधायक के रूप में धनबाद विधायक राज सिन्हा को राज्यपाल के हाथों सम्मानित किया जायेगा। इसके अलावा पुरस्कार पाने वालों में संयुक्त सचिव संतोष कुमार सिंह, प्रशाखा पदाधिकारी नीलम कुजूर, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी मोहम्मद शाहिद, उद्यान पर्यवेक्षक राकेश कुमार सिंह, अनुदेशक मन्नू राम और रविंद्र पाल का नाम शामिल हैं। इन सभी को 22 नवंबर को स्थापना दिवस समारोह के मौके पर विधानसभा परिसर में सम्मानित किया जाएगा। विधानसभाध्यक्ष ने कहा कि यह पुरस्कार एक सांकेतिक है। अगले वर्ष अच्छे काम करने वाले को फिर सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर पत्रकारों को सम्मानित किए जाने की मांग पर विधानसभाध्यक्ष ने कहा कि इस संदर्भ में मैंने पत्रकारों के बीच से ही चयन करके मुझे नाम देने का आग्रह किया था क्योंकि मैं पत्रकारों के बीच से किसी एक का नाम चयनित करने में सक्षम नहीं हूं। राज सिन्हा धनबाद से भाजपा के विधायक हैं। वे पिछले विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार विधायक बने हैं। साल 2014 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने युवा नेता राज सिन्हा को धनबाद विधानसभा सीट से चुनावी मैदान में उतारा था। राज सिन्हा ने कांग्रेस नेता मन्नान मल्लिक को 50 हजार से अधिक वोटों से मात दी थी। इसके बाद 2019 में एक बार फिर से भाजपा आलाकमान ने राज सिन्हा पर भरोसा जताया और इस बार भी उन्होंने आलाकमान को निराश नहीं किया।



### 52 लाख की ठगी के आरोपित के घर चिपकाया इश्तेहार

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** धनबाद पुलिस ने बुधवार को 52 लाख रुपए की ठगी के आरोपी आशीष कुमार गुप्ता के घर उसके खिलाफ इश्तेहार चस्पा किया। आरोपी धनसार थाना में मामला दर्ज होने के बाद से कई वर्षों से फरार है। आशीष गुप्ता पर जमीन और घर देने के नाम पर 52 लाख रुपए की ठगी का आरोप है। भुक्तभोगी अमित कुमार ने बताया कि यह पहला मामला नहीं है। उसके खिलाफ पूर्व से भी कई आरोप हैं जिनकी पुलिस जांच कर रही है। पुलिस टीम ने आशीष गुप्ता के बलवाड़ी स्थित घर के मुख्य द्वार पर इश्तेहार चिपकाया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी के खिलाफ कोर्ट से वारंट पहले ही जारी किया जा चुका था लेकिन वह न्यायिक प्रक्रिया से बचता रहा। इश्तेहार चस्पा होने के बाद अब अगला कदम कुर्की-जब्ती की कार्रवाई होगी। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यदि आरोपी जल्द सामने नहीं आता है तो उसकी संपत्तियों को जब्त करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# मैट्रिक-इंटर की परीक्षा शुल्क में भारी वृद्धि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने 2026 में होने वाले मैट्रिक-इंटर की परीक्षा के लिए शुल्क में भारी वृद्धि की है। जैक द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार परीक्षा शुल्क में करीब 25 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। इस संबंध में जैक ने साल 2026 के फरवरी महीने में होने वाले मैट्रिक-इंटर की परीक्षा के लिए भरे जा रहे आवेदन के साथ बढ़ी हुई दर से परीक्षा शुल्क लेने का निर्देश सभी स्कूलों को दिया है। गौरतलब है कि जैक बोर्ड की बैठक में परीक्षा शुल्क बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। जाहिर है नई दरों के लागू होने के बाद छात्र-छात्राओं को अब पुराने शुल्क के मुकाबले अधिक राशि देनी होगी। राज्य में जैक बोर्ड की परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के बढ़े हुए परीक्षा शुल्क के साथ फार्म भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मैट्रिक-इंटर दोनों परीक्षा के लिए आवेदन बिना विलंब शुल्क के 18 नवंबर से 5 दिसंबर तक भरे जायेंगे जबकि विलंब शुल्क के साथ जैक ने 6 दिसंबर से 12 दिसंबर तक फॉर्म भरने का समय निर्धारित किया है। जैक द्वारा जारी नये परीक्षा शुल्क की बात करें तो 2026 मैट्रिक परीक्षा में शामिल होने वाले नियमित छात्राएं, एससी, एसटी, बीसी-1 एवं बीसी-2 वर्ग को अब 980 रुपए देने होंगे। वहीं सामान्य और क्डट्ट वर्ग को 1180 रुपये और प्राइवेट छात्र-छात्राओं को भी 1180 रुपए देने होंगे। वहीं विलंब शुल्क 500 रुपये अतिरिक्त सभी कोटि के विद्यार्थियों के लिए निर्धारित किया गया है। इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए नए शुल्क की बात करें तो नियमित छात्राएं, एससी, एसटी, बीसी-1 एवं बीसी-2 वर्ग के लिए 1100 रुपये, सामान्य और इडब्लूएस वर्ग के 1400 रुपए और प्राइवेट छात्र-छात्राओं को 1400 रुपये देने होंगे जबकि लेट फीस 500 रुपए सभी कोटि के लिए अतिरिक्त लगेगा। इसके अलावा जैक ने रिजल्ट सुधार व दोबारा परीक्षा के शुल्क में भी बढ़ोतरी की है। फीस बढ़ोतरी से राज्य के करीब आठ लाख विद्यार्थियों पर इसका असर पड़ने की संभावना व्यक्त की जा रही है। गौरतलब है कि राज्य में साल 2026 की जैक बोर्ड परीक्षा फरवरी के प्रथम सप्ताह में शुरू होने की संभावना है।





# बच्चे की कनपटी में पिस्टल सटा महिला से लाखों की लूट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर टाउन छेचानी टोला में बच्चे पर पिस्टल तान कर एक महिला से लाखों के जेवरात की लूट हुई है। महिला का पति रांची फायर ब्रिगेड में तैनात है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने मामले में कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पूनम तिवारी नामक महिला मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के छेचानी टोला में अपने बच्चे के साथ घर में अकेली थी। इस क्रम में बाइक सवार तीन अपराधी पहुंचे थे। अपराधी महिला के घर में दाखिल हुए और बच्चे को अपने कब्जे में लिया। बच्चे पर पिस्टल तान कर अपराधियों ने पूनम तिवारी से कहा कि बच्चे की जान प्यारी है तो सभी जेवरात दे दो। अपराधियों ने पूनम तिवारी के पास से करीब 3.50 लाख रुपये के जेवरात और मोबाइल लूट लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मेदिनीनगर टाउन थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले में छानबीन की। पुलिस ने घटना में शामिल अपराधियों की तलाश में कई इलाकों में छापेमारी कर रही है। पुलिस ने मामले में कुछ संदिग्धों को हिरासत में भी लिया है। इस संबंध में मेदिनीनगर टाउन थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार ने बताया कि महिला के साथ लूटपाट हुई है। घटना में शामिल अपराधियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। जांच के दौरान पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारी भी मिली है।

### अलग-अलग स्थानों से दो शव बरामद

**मेदिनीनगर (नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के कुन्दरी गांव में दो दिनों से लापता आठ वर्षीय बच्चे का शव कुएं से बरामद किया गया है। बच्चे की पहचान इसी गांव के रामप्रवेश वर्मा के बेटे विवेक कुमार वर्मा के रूप में हुई है। परिजनों ने बच्चे की हत्या की आशंका जताई है, जबकि पुलिस इसे एक हादसा मानकर जांच कर रही है। विवेक 17 नवंबर को खेलते समय लापता हो गया था, जिसके बाद परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। वहीं सदर थाना क्षेत्र के सुआ गांव स्थित रेलवे ट्रैक से बुधवार को एक युवक का शव बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार युवक की मौत पलामू एक्सप्रेस की चपेट में आने से हुई है। हालांकि परिजनों ने प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका जताई है। मृतक की पहचान सुआ गांव के गोदाम चौक निवासी 22 वर्षीय रंजीत विश्वकर्मा के रूप में हुई है, जो रामप्रीत विश्वकर्मा के पुत्र थे। रंजीत मंगलवार शाम को घर से निकला था और तब से लापता था।

# देश की सामूहिक प्रगति को दर्शाता है एफसीआइ का विशेष मंडप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) द्वारा 14 से 27 नवंबर तक भारत मंडपम के हॉल नंबर 6 में आयोजित हो रहे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ) 2025 में देश की सामूहिक प्रगति को दर्शाता विशेष मंडप स्थापित किया है। यह मंडप 'किसानों का सम्मान, भारतीय खाद्य निगम का अभिमान' और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की मार्गदर्शक भावना से प्रेरित है। मंडप को भारत की खाद्यान्न यात्रा को प्रदर्शित करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें पारंपरिक भंडारण प्रथाओं से लेकर वैज्ञानिक, तकनीकी रूप से उन्नत भंडारण समाधानों जैसे कि साइलो को अपनाना शामिल है। यह प्रदर्शनी राष्ट्रीय खाद्यान्न की पर्याप्त मात्रा सुनिश्चित करने की दिशा में एफसीआई के योगदान तथा गुणवत्ता-संचालित, समावेशी, पारदर्शी, सतत खाद्य प्रबंधन प्रणाली में परिवर्तन और 2047 तक विकसित भारत के दीर्घकालिक दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दर्शाती है। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने एफसीआई पैवेलियन का दौरा किया और खुला बाजार बिक्री योजना-खुदरा/थोक को बढ़ावा देने के लिए एफसीआई की पहलों की सराहना की ताकि वस्तु (गेहूं/चावल) की बाजार उपलब्धता/कीमत निरंतर/स्थिर रखा जा सके। साथ ही केंद्रीय मंत्री ने आम लोगों के लिए एफसीआई की पारदर्शिता, कुशल खाद्य वितरण और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता की भी प्रशंसा की। इस दौरान मंत्री साथ सचिव (खाद्य) संजीव चोपड़ा, एफसीआई के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आशुतोष अग्निहोत्री, कार्यकारी निदेशक (उत्तरी क्षेत्र) अजीत कुमार सिन्हा और मंत्रालय तथा एफसीआई के अन्य उच्च स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस मंडप के माध्यम से एफसीआई अपने नवीनीकृत संकल्प को दोहराता है कि वह राष्ट्र की खाद्य सुरक्षा संरचना को मजबूत करेगा, किसानों को सशक्त बनाएगा, पारदर्शिता को बढ़ावा देगा और हर घर तक गुणवत्तापूर्ण अनाज पहुंचाएगा जो एक स्वावलंबी एवं समावेशी विकसित भारत के निर्माण के प्रति एकीकृत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

आवश्यकता

1. बोकारो जिला मुख्यालय के अलावा प्रत्येक प्रखंड के लिए संवाददाता चाहिए।
2. नवबिहार टाइम्स के बोकारो कार्यालय के लिए उप सम्पादक/कार्यालय संवाददाता की आवश्यकता है। हिन्दी में समाचार लिखने और समाचार की समझ रखने वाले अनुभवी संवाददाता ही सम्पर्क करें। मानदेय-योग्यतानुसार।
3. बोकारो कार्यालय के लिए एक चतुर्थवर्गीय कर्मचारी की आवश्यकता है। बोकारो, चास या आस-पास का ही निवासी होना अनिवार्य है

सम्पर्क करें:-

7295863300/8210783623

'नवबिहार टाइम्स' कार्यालय, 31 कॉपरेटीव कॉलोनी बोकारो (झारखण्ड) मो0- 7004247547/6206165107

E-mai : nbtimesbihar@gmail.com